अध्याय 3

# धार्मिक आंदोलन
## (बौद्ध, जैन, शैव एवं भागवत धर्म)

**1. निम्नलिखित कारणों में से कौनसा कारण भारत में बौद्ध धर्म के पतन से सम्बन्धित है?**

(a) बौद्ध संघ में विभेद (b) हिन्दू धर्म का पुनरुत्थान
(c) बौद्ध संघ में भ्रष्टाचार (d) उपर्युक्त सभी

उतर - (d)

**2. वल्लभी विश्वविद्यालय स्थित था-**

(a) बिहार में (b) उत्तरप्रदेश में
(c) बंगाल में (d) गुजरात में

उतर - (d)

**3. निम्नलिखित में से किसे 'एशिया के ज्योति पुंज' के तौर पर जाना जाता है?**

(a) गौतम बुद्ध को (b) महात्मा गाँधी को
(c) महावीर स्वामी को (d) स्वामी विवेकानंद को

उतर - (a)

**4. बौद्ध धर्म के महायान और हीनयान संप्रदायों में सर्वाधिक मौलिक अंतर निम्नलिखित में से कौनसा है ?**

(a) अहिंसा पर बल
(b) जाति रहित समाज
(c) देवी-देवताओं की पूजा
(d) स्तूप पूजा

उतर - (c)

**5. 'नव नालंदा महाविहार' किसके लिए विख्यात है-**

(a) ह्वेनसांग स्मारक
(b) महावीर का जन्मस्थान
(c) पालि अनुसंधान संस्थान
(d) संग्रहालय

उतर - (c)

**6. निम्नलिखित चार स्थानों में हुई बौद्ध संगीतियों का सही कालक्रम नीचे दिए हुए कूट से ज्ञात करें-**

1. वैशाली 2. राजगृह
3. कुंडलवन 4. पाटलिपुत्र

**कूट-**

(a) 1,2,3,4 (b) 4,3,2,1
(c) 2, 1,3,4 (d) 2,1,4,3

उतर - (d)

**7. बुद्ध के जीवन की चार महत्वपूर्ण घटनाओं और उनसे संबद्ध चार स्थानों का नीचे उल्लेख है, यह दो सूचियों में अंकित है, आपको इनका सुमेल करना है-**

| सूची-I | सूची -II |
|---|---|
| A. जन्म | 1. सारनाथ |
| B. ज्ञानप्राप्ति | 2. बोधगया |
| C. प्रथम प्रवचन | 3. लुम्बिनी |
| D. महापरिनिर्वाण | 4. कुशीनगर |

**कूट-**

(a) 1 2 4 3 (b) 2 3 1 4
(c) 3 2 1 4 (d) 1 2 3 4

उतर - (c)

**8. कश्मीर में कनिष्क के शासनकाल में जो बौद्ध संगीति आयोजित हुई थी, उसकी अध्यक्षता निम्नलिखित में से किसने की थी-**

(a) पार्श्व (b) नागार्जुन
(c) शूद्रक (d) वसुमित्र

उतर - (d)

**9. बौद्ध संगीतियों के चार आयोजकों का सही क्रम क्या है?**

(a) कालाशोक, अजातशत्रु, अशोक, कनिष्क
(b) कनिष्क, अशोक, कालाशोक, अजातशत्रु
(c) अशोक, कालाशोक, अजातशत्रु, कनिष्क
(d) अजातशत्रु, कालाशोक, अशोक, कनिष्क

उतर - (d)

**10. भारत के धार्मिक इतिहास के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**

1. बोधिसत्व, बौद्धमत के हीनयान संप्रदाय की केन्द्रीय

संकल्पना है।

2. बोधिसत्व अपने प्रबोध के मार्ग पर बढ़ता हुआ करुणामय है।

3. बोधिसत्व समस्त सचेतन प्राणियों को उनके प्रबोध के मार्ग पर चलने में सहायता करने के लिए स्वयं की निर्वाण प्राप्ति विलंबित करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौनसा/से सही है/हैं?**

(a) केवल 1 (b) केवल 2 और 3

(c) केवल 2 (d) 1, 2 और 3

उत्तर - (b)

**Free PDF - www.prepebooks.com/**

**11. महात्मा बुद्ध के संबंध में निम्नलिखित कथनों में कौन सही है?**

1. उनका जन्म कपिलवस्तु में हुआ था।

2. उन्होंने बोधगया में ज्ञान प्राप्त किया था ।

3. उन्होंने वैदिक धर्म को अस्वीकार किया था।

4. उन्होंने आर्य सत्य का प्रचार किया था ।

**नीचे दिए कूट से सही उत्तर चुनिए-**

(a) 1 तथा 2 (b) 1 तथा 3

(c) 1, 2 तथा 3 (d) 1, 2, 3 तथा 4

उत्तर - (d)

**12. निम्नलिखित में से कौन बुद्ध के जीवनकाल में संघ प्रमुख होना चाहता था ?**

(a) देवदत्त (b) महाकस्सप

(c) उपालि (d) आनंद

उत्तर - (a)

**13. निम्नलिखित राज्यों में से किनका संबंध बुद्ध के जीवन से था?**

1. अवंति 2. गांधार

3. कोसल 4. मगध

**नीचे दिए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए-**

(a) 1, 2 और 3 (b) 2 और 4

(c) केवल 3 और 4 (d) 1, 3 और 4

उत्तर - (c)

**14. निम्न में से किस शासक ने द्वितीय बौद्ध सभा का आयोजन किया था?**

(a) अजातशत्रु (b) कालाशोक

(c) आनंद (d) अशोक

उत्तर - (b)

Free PDF - www.prepebooks.com/

**15. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए-**

| सूची-I | सूची -II |
|---|---|
| (a) शुद्धोधन | (i) बुद्ध का पिता |
| (b) महामाया | (ii) बुद्ध की माता |
| (c) प्रजापति गौतमी | (iii) बुद्ध की मौसी व विमाता |
| (d) यशोधरा | (iv) बुद्ध की पत्नी |

**सही उत्तर क्रमांक है- A B C D**

(a) i ii iii iv (b) ii i iii iv

(c) i ii iv iii (d) iv iii ii i

उत्तर - (a)

**16. बौद्ध धर्म ने समाज के निम्न वर्गों पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाला-**

(a) व्यापारी और पुजारी (b) साहूकार और गुलाम

(c) योद्धा और व्यवसायी (d) महिला और शूद्र

उत्तर - (d)

**17. गौतम बुद्ध द्वारा अपने धर्म में दीक्षित किया जाने वाला अंतिम व्यक्ति निम्नलिखित में से कौन था ?**

(a) आनंद (b) सारिपुत्त

(c) मोग्गलान (d) सुभद्द

उत्तर - (d)

**18. बौद्ध तथा जैन दोनों ही धर्म विश्वास करते हैं कि-**

(a) कर्म तथा पुनर्जन्म के सिद्धांत सही है।

(b) मृत्यु के पश्चात ही मोक्ष संभव है।

(c) स्त्री तथा पुरुष दोनों ही मोक्ष प्राप्त कर सकते हैं।

(d) जीवन के मध्यम मार्ग सर्वश्रेष्ठ है।

उत्तर - (a)

**19. निम्नलिखित में से कौनसे बौद्ध धर्म और जैन धर्म दोनों में समान रूप से विद्यमान थे-**

1. ताप और भोग की अति परिहार

2. वेद प्रमाण्य के प्रति अनास्था

3. कर्मकांडों की फलवत्ता का निषेध

4. प्राणियों की हिंसा का निषेध (अहिंसा)

**नीचे दिए कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर का**

चयन कीजिए-

(a) 1, 2, 3 और 4

(c) 1, 3 और 4 (b) 2, 3 और 4

(d) 1 और 2

उत्तर - (b)

Free PDF - www.prepebooks.com/

**20. 'संसार अस्थिर और क्षणिक है' का निम्न में से किससे संबंध है?**

(a) बौद्ध (b) जैन

(c) गीता (d) वेदांत

उत्तर - (a)

**21. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए-**

सूची-I सूची-II

(a) चन्ना (i) बुद्ध का सारथी

(b) कंथक (ii) बुद्ध का प्रिय घोड़ा

(c) आलार कलाम व रुद्रक रामपुत्र

(iii) बुद्ध के गुरु

(d) निरंजना

(iv) नदी जिसके तट पर बुद्ध ने संबोधि प्राप्त की

**सही उत्तर क्रमांक है- A B C D**

(a) iii iii iv (b) ii i iii iv

(c) i ii iv iii (d) iv iii ii i

उत्तर - (a)

**22. 'भगवापि खत्रियो अहमपि खत्रियो' (भगवान बुद्ध भी क्षत्रिय है, मैं भी क्षत्रिय हूँ ) यह वक्तव्य किसने दिया था ?**

(a) अजातशत्रु (b) प्रसेनजित

(c) बिम्बिसार (d) शिशुनाग

उत्तर - (a)

**23. बोधगया में महाबोधि मंदिर बनाया गया, जहाँ-**

(a) गौतम बुद्ध पैदा हुए थे

(b) गौतम बुद्ध को ज्ञान प्राप्त हुआ

(c) गौतम बुद्ध ने अपना प्रथम प्रवचन दिया

(d) गौतम बुद्ध की मृत्यु हुई

उत्तर - (b)

**Free PDF - www.prepebooks.com/**

**24. निम्नलिखित में से किस राजा के एक अभिलेख से सूचना मिलती है कि शाक्यमुनि बुद्ध का जन्म लुंबिनी में हुआ था?**

(a) अशोक (b) कनिष्क

(c) हर्ष (d) धर्मपाल

उत्तर - (a)

**25. बुद्ध ने सर्वाधिक उपदेश दिए थे-**

(a) वैशाली में (b) श्रावस्ती में

(c) कौशाम्बी में (d) राजगृह में

उत्तर - (b)

Free PDF - www.prepebooks.com/

**26. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए-**

(a) प्रथम बौद्ध संगीति (i) महाकस्सप

(b) द्वितीय बौद्ध संगीति (ii) साबकमीर

(c) तृतीय बौद्ध संगीति (ii) मोग्गलिपुत्त तिस्स

(d) चतुर्थ बौद्ध संगीति (iv) वसुमित्र

**सही उत्तर क्रमांक है- A B C D**

(a) i ii iii iv (b) ii i iii iv

(c) i ii iv iii (d) ii iv iii i

उत्तर - (a)

**27. सर्वप्रथम ' स्तूप' शब्द कहाँ मिलता है?**

(a) ऋग्वेद (b) जातक कथा

(c) अर्थशास्त्र (d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर - (a)

**28. निम्नलिखित में से कौनसा बौद्ध पवित्र स्थल निरंजना नदी पर स्थित था?**

(a) बोधगया (b) कुशीनगर

(c) लुंबिनी (d) ऋषिपत्तन

उत्तर - (a)

**29. किस शासक के शासनकाल में नेपाल में बौद्ध धर्म का गमन हुआ था?**

(a) समुद्रगुप्त (b) अशोक

(c) चन्द्रगुप्त (d) हर्षवर्धन

उत्तर - (b)

**Free PDF - www.prepebooks.com/**

**30. निम्नलिखित वक्तव्यों पर विचार करें और नीचे**

दिए गए कूट से सही उत्तर चुने-

**कथन (A) :-** कुशीनगर मल्ल गणराज्य की राजधानी थी।

**कारण (R) :-** महात्मा बुद्ध का महापरिनिर्वाण कुशीनगर में हुआ था।

**कूट :-**

(a) (a) और (R) दोनों सही है तथा (R) सही स्पष्टीकरण है (a) का ।

(b) (a) और (R) दोनों सही है किंतु (R) सही स्पष्टीकरण नहीं है (a) का ।

(c) (a) सही है किन्तु (R) गलत है।

(d) (a) गलत है किन्तु (R) सही है।

उतर - (b)

**Free PDF - www.prepebooks.com/**

**31. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए-**

| सूची-I | सूची -II |
|---|---|
| (बौद्ध शिक्षा केन्द्र) | (संस्थापक) |
| (a) नालंदा | (i) कुमारगुप्त I (गुप्त वंश) |
| (b) ओदन्तपुरी | (ii) गोपाल (पालवंश) |
| (c) विक्रमशिला | (iii) धर्म पाल (पाल वंश) |
| (d) वल्लभी | (iv) भट्टार्क (मैत्रक वंश) |

**सही उत्तर क्रमांक है :- A B C D**

(a) i ii iii iv (b) ii iiii iv

(c) i ii iv iii (d) iv iii ii i

उतर - (a)

**32. बौद्ध परम्परा के अनुसार, किसका बाल भक्षक से बाल रक्षिका में परिवर्तन हो गया था ?**

(a) मारीचि (b) तारा

(c) हारीति (d) पट्टिणी

उतर - (c)

**33. अष्टांग मार्ग की संकल्पना, अंग है-**

(a) दीपवंश की विषयवस्तु

(b) दिव्यावदान की विषयवस्तु का

(c) महापरिनिर्वाण की विषयवस्तु का

(d) धर्मचक्र परिवर्तन की विषयवस्तु का

उतर - (d)

**34. द्वितीय बौद्ध समिति का आयोजन कहाँ हुआ था?**

(a) राजगृह में (b) वैशाली में

(c) पाटलिपुत्र में (d) काशी (वाराणसी में)

उतर - (b)

Free PDF - www.prepebooks.com/

**35. गौतम बुद्ध की माँ किस वंश से संबंधित थी ?**

(a) शाक्य वंश (b) माया वंश

(c) लिच्छवि वंश (d) कोलिय वंश

उतर - (d)

**36. तृतीय बौद्ध सभा किस स्थान पर बुलाई गई थी?**

(a) तक्षशिला (b) सारनाथ

(c) बोधगया (d) पाटलिपुत्र

उतर - (d)

**37. भगवान बुद्ध ने निम्नलिखित चार आर्य सत्यों का प्रतिपादन किया ।**

**नीचे दिए कूट का प्रयोग करके उन्हें सही क्रम में रखिए-**

1. दुःख है 2. दुःख का निरोध है

3. दुःख निरोध का मार्ग है

4. दुःख का कारण है

**कूटः-**

(a) 1, 4, 2, 3 (b) 1, 4, 3, 2

(c) 1, 3, 2, 4 (d) 1, 2, 4, 3

उतर - (a)

**38. निम्न में से किस बौद्ध साहित्य में महात्मा बुद्ध के 'नैतिक एवं सिद्धांत' संबंधित प्रवचन संकलित है?**

(a) विनय पिटक (b) जातक कथाएं

(c) अभिधम्म पिटक (d) सुत्त पिटक

उतर - (d)

**39. बौद्ध संघ में भिक्षुणी के रूप में स्त्रियों के प्रवेश की अनुमति बुद्ध द्वारा दी गई थी-**

(a) श्रावस्ती में (b) वैशाली में

(c) राजगृह में (d) कुशीनगर में

उतर - (b)

**Free PDF - www.prepebooks.com/**

40. **बुद्ध के गृहत्याग का प्रतीक है-**
(a) घोड़ा (b) हाथी
(c) वैल (d) भेड़
उत्तर - (a)

41. **बुद्ध कौशाम्बी किसके राज्यकाल में आए थे-**
(a) शतानीक (b) उदयन
(c) वोधि (d) निचक्षु
उत्तर - (b)
Free PDF - www.prepebooks.com/

42. **भारत में पहले जिस मानव प्रतिमाओं को पूजा गया वह थी-**
(a) ब्रह्मा की (b) विष्णु की
(c) बुद्ध की (d) शिव की
उत्तर - (c)

43. **निम्नलिखित में से किस राजवंश के अभिलेख से इस परंपरा का समर्थन होता है, कि लुंबिनी शाक्यमुनि बुद्ध का जन्मस्थान था ?**
(a) मौर्य (b) शुंग
(c) सातवाहन (d) कुषाण
उत्तर - (a)

44. **निम्नलिखित में से किस बौद्ध ग्रन्थ में संघ जीवन के नियम प्राप्त होते हैं?**
(a) दीर्घ निकाय (b) विनय पिटक
(c) अभिधम्म पिटक (d) विभाषा शास्त्र
उत्तर - (b)
Free PDF - www.prepebooks.com/

45. **महापरिनिर्वाण मंदिर अवस्थित है-**
(a) कुशीनगर में (b) सारनाथ में
(c) बोधगया में (d) श्रावस्ती में
उत्तर - (a)

46. **गौतम बुद्ध को एक देवता का स्थान किस राजा के युग में प्राप्त हुआ?**
(a) अशोक (b) कनिष्क
(c) चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य (d) हर्ष
उत्तर - (b)
Free PDF - www.prepebooks.com/

47. **देश में निम्न में से किसने मूर्ति पूजा की नींव रखी थी?**
(a) जैन धर्म ने (b) बौद्ध धर्म ने
(c) आजीविकों ने (d) वैदिक धर्म ने
उत्तर - (b)
Free PDF - www.prepebooks.com/

48. **करमापा लामा तिब्बत के बुद्ध संप्रदाय के किस वर्ग का है-**
(a) गेलूंगपा (b) कंग्यूपा
(c) साक्यापा (d) लिंगमापा
उत्तर - (b)
Free PDF - www.prepebooks.com/

49. **भूमिस्पर्श मुद्रा की सारनाथ बुद्ध मूर्ति संबंधित है?**
(a) मौर्यकाल से (b) शुंगकाल से
(c) कुषाणकाल से (d) गुप्तकाल से
उत्तर - (d)

50. **सारनाथ में अपना प्रथम प्रवचन किसने दिया?**
(a) महावीर (b) शंकराचार्य
(c) महात्मा बुद्ध (d) गुरुनानक
उत्तर - (c)

51. **'त्रिपिटक' क्या है?**
(a) गाँधी के तीन बंदर
(b) ब्रह्मा, विष्णु, महेश
(c) महावीर के तीन नगीने
(d) बुद्ध के उपदेशों का संग्रह
उत्तर - (d)

52. **महायान बौद्ध धर्म में बोधिसत्व अवलोकितेश्वर को और किस अन्य नाम से जानते थे?**
(a) वज्रपाणि (b) मुंजश्री
(c) पद्मपाणि (d) मैत्रेय
उत्तर - (c)

53. **बौद्ध ग्रन्थ 'पिटकों' की रचना निम्नलिखित में से किस भाषा में की गई थी-**
(a) संस्कृत (b) अर्द्धमागधी
(c) पालि (d) प्राकृत
उत्तर - (c)

**54. सर एडविन एर्नाल्ड की पुस्तक 'द लाइट ऑफ दी एशिया' आधारित है-**

(a) दिव्यावदान पर (b) ललित विस्तार पर

(c) सुत्त पिटक पर (d) अभिधम्म पिटक पर

उत्तर - (b)

Free PDF - www.prepebooks.com/

**55. गौतम बुद्ध ने अपनी मृत्यु के उपरांत बौद्ध संघ के नेतृत्व के लिए निम्न में से किसे नामित किया था?**

(a) आनंद (b) महाकस्सप

(c) उपालि (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

उत्तर - (d)

**56. हीनयान अवस्था का विशालतम एवं सर्वाधिक विकसित शैलकृत चैत्यगृह स्थित है-**

(a) पीतलखोरा में (b) जुन्नार में

(c) कार्ले में (d) कोई नहीं

उत्तर - (c)

**57. निम्नलिखित कथनों में से कौनसा कथन सत्य है?**

(a) प्रतीत्य समुत्पाद का शाब्दिक अर्थ है किसी वस्तु के होने पर किसी वस्तु की उत्पत्ति

(b) बौद्ध धर्म पुनर्जन्म में विश्वास करता है

(c) जातक कथाएँ बुद्ध की पूर्व जन्म की कथाएँ है

(d) उपर्युक्त सभी

उत्तर - (d)

**58. निम्नलिखित में से कौनसा एक बौद्ध मत में निर्वाण की अवधारणा की सर्वश्रेष्ठ व्याख्या करता है-**

(a) तृष्णारूपी अग्नि का शासन

(b) स्वयं की पूर्णत: अस्तित्वहीनता

(c) परमानंद एवं विश्राम की स्थिति

(d) धारणातीत मानसिक अवस्था

उत्तर - (a)

**59. बुद्ध की 80 फुट बड़ी प्रतिमा जो बोधगया में है, निर्मित की गई थी-**

(a) जापानियों के द्वारा (b) थाई लोगों के द्वारा

(c) श्रीलंकाइयों के द्वारा (d) भूटानियों के द्वारा

उत्तर - (a)

**60. प्रथम बौद्ध समिति का आयोजन हुआ था ?**

(a) अनिरुद्ध के शानकाल में

(b) अजातशत्रु के शासनकाल में

(c) बिंबिसार के शासनकाल में

(d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर - (b)

**Free PDF - www.prepebooks.com/**

**61. बौद्ध स्मारक 'स्तूप' कहाँ बनाये जाते थे?**

1. बुद्ध के अवशेषों पर
2. बुद्ध के जीवन से संबंधित स्थानों पर
3. संघ के प्रमुख सदस्यों के अवशेषों पर
4. बौद्ध मठों द्वारा अर्चना के स्थानों पर

**सही उत्तर है-**

(a) केवल 1 (b) 1 और 3

(c) केवल 1, 2 और 3 (d) उपरोक्त सभी

उत्तर - (d)

**62. निम्नलिखित युग्मों में से कौनसे सही सुमेलित है?**

1. लोथल - प्राचीन नदी क्षेत्र
2. सारनाथ - बुद्ध का प्रथम धर्मोपदेश
3. राजगृह - अशोक का सिंह स्तंभ शीर्ष
4. नालंदा - बौद्ध अधिगम की महान पीठ

**नीचे दिए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए-**

(a) 1, 2, 3 और 4 (b) 3 और 4

(c) 1, 2 और 4 (d) 1 और 2

उत्तर - (c)

**63. शून्यता के सिद्धांत का सर्वप्रथम प्रतिपादन करने वाले बौद्ध दार्शनिक का नाम है-**

(a) नागार्जुन (b) नागसेन

(c) आनंद (d) अश्वघोष

उत्तर - (a)

**64. निम्नलिखित में से कौन एक अशोक का अभिलेख इस परंपरा की पुष्टि करता है कि गौतम बुद्ध का जन्म लुंबिनी में हुआ था ?**

(a) यसाढ़ स्तंभ अभिलेख

(b) निगाली सागर स्तंभ अभिलेख

(c) रामपुरवा स्तंभ अभिलेख

(d) रुम्मिनदेई स्तंभ अभिलेख

उत्तर - (d)

**65. जैतवन विहार कहाँ स्थित है?**

(a) पाटलिपुत्र (b) श्रावस्ती

(c) वैशाली (d) सारनाथ

उत्तर - (b)

Free PDF - www.prepebooks.com/

**66. बौद्ध धर्म के वैभाषिक सम्प्रदाय की उत्पत्ति निम्नलिखित में से कहाँ हुई थी?**

(a) कश्मीर (b) पाटलिपुत्र

(c) राजगृह (d) वैशाली

उत्तर - (a)

**67. उत्तरप्रदेश में बौद्ध एवं जैनियों दोनों की प्रसिद्ध तीर्थस्थली है-**

(a) सारनाथ (b) कौशाम्बी

(c) कुशीनगर (d) देवीपाटन

उत्तर - (b)

Free PDF - www.prepebooks.com/

**68. बुद्ध में वैराग्य भावना किन 4 दृश्यों के कारण बलवती हुई?**

(a) बूढ़ा, रोगी, लाश, सन्यासी (b) अंधा, रोगी, लाश, सन्यासी

(c) लंगड़ा, रोगी, लाश, सन्यासी (d) कोई नहीं

उत्तर - (a)

**69. सुल्तानी युग में बौद्धों की कौनसी शाखा सबसे प्रभावशाली थी?**

(a) थेरवाद (b) हीनयान

(c) वज्रयान (d) तंत्रयान

उत्तर - (c)

**70. बौद्ध दर्शन के अनुसार विचार कीजिए-**

**कथन (A) :** पुनर्जन्म नहीं होता है।

कारण (R) : आत्मा की सत्ता नहीं है।

**निम्नलिखित कूट से अपना उत्तर चुनिए-**

(a) (a) और (R) दोनों सही है तथा (R) सही स्पष्टीकरण है (a) का ।

(b) (a) और (R) दोनों सही है किंतु (R) सही स्पष्टीकरण नहीं है (a) का ।

(c) (a) सही है किन्तु (R) गलत है।

(d) (a) गलत है किन्तु (R) सही है ।

उत्तर - (d)

**71. आलार कलाम कौन थे?**

(a) बुद्ध के एक शिष्य

(b) एक प्रतिष्ठित बौद्ध भिक्षु

(c) बुद्धकालीन एक शासक

(d) बुद्ध के एक गुरु

उत्तर - (d)

**72. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**

1. दक्षिण भारत के इक्ष्वाकु शासक बौद्धमत के विरोधात्मक थे ।

2. पूर्वी भारत के पाल शासक बौद्धमत के समर्थक थे।

**उपर्युक्त कथनों में से कौनसा /से सही है/हैं?**

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) दोनों 1 और 2 (d) न ही 1 और 2

उत्तर - (b)

Free PDF - www.prepebooks.com/

**73. बुद्ध के उपदेश किससे संबंधित है?**

(a) आत्मा संबंधी विवाद (b) ब्रह्मचर्य

(c) धार्मिक कर्मकांड (d) आचरण की शुद्धता व पवित्रता

उत्तर - (d)

**74. विश्व का सबसे ऊँचा कहा जाने वाला 'विश्व शांति स्तूप' कहां है?**

(a) वैशाली (b) नालंदा

(c) राजगीर (d) पटना

उत्तर - (c)

**75. 'सप्तपर्णी गुफा' स्थित है-**

(a) सांची में (b) नालंदा में

(c) राजगृह में (d) पावापुरी में

उत्तर - (c)

**76. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए-**

| सूची-I | सूची -II |
|---|---|
| (a) महाभिनिष्क्रमण | (i) गृहत्याग की घटना |
| (b) सम्बोधि | (ii) ज्ञान-प्राप्ति की घटना |
| (c) धर्मचक्रप्रवर्तन | (iii) सारनाथ में प्रथम उपदेश |
| (d) महापरिनिर्वाण | (iv) मृत्यु की घटना |

**सही उत्तर क्रमांक हैं-**

(a) i ii iii iv (b) ii i iii iv

(c) i ii iv iii (d) iv iii ii i

उत्तर - (a)

**77. वह स्तूप - स्थल जिसका संबंध भगवान बुद्ध के जीवन की किसी घटना से नहीं रहा है, वह है-**

(a) सारनाथ (b) सांची

(c) बोधगया (d) कुशीनारा

उत्तर - (b)

**Free PDF - www.prepebooks.com/**

**78. राजगृह, वैशाली और पाटलिपुत्र में निम्नलिखित में कौनसी एक समानता है?**

(a) स्थविरवादियों का पालि धर्मसूत्र यहाँ संकलित हुआ था

(b) वे स्थान महासंधिकों के बौद्ध धर्मसूत्रों के संकलन से संबंधित हैं

(c) अशोक के प्रमुख शिलालेख वहाँ पाए गए

(d) ये वे स्थान हैं जहाँ बौद्ध संगीति हुई थी

उत्तर - (d)

**79. निम्नलिखित में से कौन बौद्ध धर्म का भारतीय संस्कृति के योगदान को सूचित करता है।**

(a) वुद्ध ने भारतीय संस्कृति में सामाजिक समानता के सिद्धान्त का प्रतिपादन किया।

(b) स्वतंत्र एवं तार्किक चिंतन को महत्व देकर बौद्धिक विकास का मार्ग प्रशस्त किया।

(c) बुद्ध ने जनसाधारण की भाषा में अपना उपदेश दिया, जिसके कारण क्षेत्रीय भाषाओं के विकास को प्रोत्साहन मिला।

(d) उपर्युक्त सभी

उत्तर - (d)

**80. ग्रन्थों में उल्लिखित 'धर्मचक्रप्रवर्तन' है-**

(a) बुद्ध का दर्शन

(b) सारनाथ में दिया गया का बुद्ध प्रथम उपदेश

(c) बुद्ध के धार्मिक आदर्श

(d) बौद्ध अनुष्ठान

उत्तर - (b)

**Free PDF - www.prepebooks.com/**

**81. निम्न में से कौनसा नाम बुद्ध का दूसरा नाम है?**

(a) पार्थ (b) प्रच्छन्न

(c) मिहिर (d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर - (d)

**82. बुद्ध की मृत्यु के पश्चात् प्रथम बौद्ध संगीति की अध्यक्षता की गई-**

(a) महाकस्सप द्वारा (b) धर्मसेन द्वारा

(c) अजातशत्रु द्वारा (d) नागसेन द्वारा

उत्तर - (a)

**83. बौद्ध धर्म के विषय में कौनसा कथन सही है?**

1. उसने वर्ण एवं जाति को अस्वीकार नहीं किया।

2. उसने ब्राह्मण वर्ग की सर्वोच्च सामाजिक कोटि को चुनौती दी।

3. उसने कुछ शिल्पों को निम्न माना ।

**नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए-**

(a) 1 तथा 2 (b) 2 तथा 3

(c) 1, 2 और 3 (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

उत्तर - (c)

**84. गौतम बुद्ध के बारे में निम्न में से क्या सत्य है ?**

1. वे कर्म में विश्वास करते थे।

2. आत्मा का शरीर में परिवर्तन मानते थे ।

3. निर्वाण प्राप्ति में विश्वास करते थे ।

4. ईश्वर की सत्ता में विश्वास करते थे ।

**निम्न कूटों से सही उत्तर चुनिए-**

(a) केवल 1, 2, 3 सही है

(b) 1, 2 सही है

(c) केवल 1 सही है

(d) सभी चारों सही है

उत्तर - (a)

**85. प्रथम शताब्दी ईस्वी में किस भारतीय बौद्ध भिक्षुक को चीन भेजा गया था?**

(a) असंग (b) अश्वघोष
(c) वसुमित्र (d) नागार्जुन
उत्तर - (d)

**86. नागार्जुन किस बौद्ध संप्रदाय के थे-**
(a) सौत्रांतिक (b) वैभाषिक
(c) माध्यमिक (d) योगाचार
उत्तर - (c)

**87. नीचे दो वक्तव्य दिए हैं, जिनमें एक कथन (a) और दूसरा कारण (R) है, दोनों को ध्यानपूर्वक पढ़ें-**

कथन (a) : बारहवीं शताब्दी के अंत तक नालंदा महाविहार का पतन हो गया ।

कारण (R) : महाविहार को राजकीय प्रश्रय मिलना बंद हो गया था ।

**उपर्युक्त के संदर्भ में निम्न में से कौन एक सही है ?**

(a) (a) और (R) दोनों सही है तथा (R) सही स्पष्टीकरण है (a) का।

(b) (a) और (R) दोनों सही है किंतु (R) सही स्पष्टीकरण नहीं है (a) का ।

(c) (a) सही है किन्तु (R) गलत है।

(d) (a) गलत है किन्तु (R) सही है।

उत्तर - (b)

Free PDF - www.prepebooks.com/

**88. नालंदा विश्वविद्यालय किसलिए विश्व प्रसिद्ध था-**
(a) चिकित्सा विज्ञान (b) तर्कशास्त्र
(c) बौद्ध धर्म दर्शन (d) रसायन विज्ञान
उत्तर - (c)

**89. कुछ शैलकृत बौद्ध गुफाओं को चैत्य कहते हैं, जबकि अन्य को विहार। दोनों में क्या अंतर है?**

(a) विहार पूजा स्थल होता है जबकि चैत्य वौद्ध भिक्षुओं का निवास स्थान है।

(b) चैत्य पूजा स्थल होता है जबकि विहार बौद्ध भिक्षुओं का निवास स्थान है।

(c) चैत्य गुफा के दूर के सिरे पर स्तूप होता है, जबकि विहार गुफा पर अक्षीय कक्ष होता है ।

(d) दोनों में कोई वस्तुपरक अंतर नहीं होता है।

उत्तर - (b)

Free PDF - www.prepebooks.com/

**90. आरंभिक मध्ययुगीन समय में बौद्ध धर्म का पतन किस / किन कारण / कारणों से शुरू हुआ?**

1. उस समय तक बुद्ध, विष्णु के अवतार समझे जाने लगे और वैष्णव धर्म का हिस्सा बन गए।

2. अंतिम गुप्त राजा के समय तक आक्रमण करने वाली मध्य एशिया की जनजातियों ने हिन्दू धर्म को अपनाया और बौद्धों को सताया।

3. गुप्त वंश के राजाओं ने बुद्ध धर्म का पुरजोर विरोध किया।

**उपर्युक्त में से कौनसा/से कथन सही है/हैं?**

(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 3
(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3
उत्तर - (a)

**91. गौतम बुद्ध द्वारा भिक्षुणी संघ की स्थापना कहाँ की गयी थी?**
(a) सारनाथ (b) कपिलवस्तु
(c) वैशाली (d) गया
उत्तर - (c)

**92. महात्मा बुद्ध का महापरिनिर्वाण किसके गणतंत्र में हुआ था ?**
(a) मल्लों के (b) लिच्छवियों के
(c) शाक्यों के (d) पालों के
उत्तर - (a)

**93. सांची क्यों विख्यात है?**
(a) चट्टान काटकर बनाए गए मंदिर
(b) सबसे बड़ा बौद्ध स्तूप
(c) गुहा चित्रकारी
(d) अशोक के शिलालेख
उत्तर - (b)

Free PDF - www.prepebooks.com/

**94. बौद्ध धर्म की महायान शाखा औपचारिक रूप से किसके शासनकाल में प्रकट हुई ?**
(a) अजातशत्रु (b) अशोक
(c) धर्मपाल (d) कनिष्क
उत्तर - (d)

**95. सूची - I एवं सूची-II को सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए-**

| सूची-I (चिह्न) | सूची - II (अर्थ) |
|---|---|
| A. जन्म | 1. बोधि वृक्ष |
| B. प्रथम प्रवचन | 2. धर्मचक्रप्रवर्तन |
| C. महाबोधि | 3. घोड़ा |
| D. त्याग | 4. कमल |

**कूट :- A B C D**

(a) 1 2 3 4 (b) 4 3 2 1

(c) 3 4 1 2 (d) 4 2 1 3

उत्तर - (d)

**96. बुद्ध, धम्म और संघ मिलकर कहलाते हैं-**

(a) त्रिरत्न (b) त्रिवर्ग

(c) त्रिसर्ग (d) त्रिमूर्ति

उत्तर - (a)

**97. किस भाषा का ज्यादा प्रयोग बौद्धवाद के प्रचार के लिए किया गया है?**

(a) संस्कृत (b) प्राकृत

(c) पालि (d) शौरसेनी

उत्तर - (c)

**98. बौद्ध धर्म के विस्तार के कारणों में सम्मिलित थे-**

1. धर्म की सादगी
2. दलितों के लिए विशेष अपील
3. धर्म की मिशनरी भावना
4. स्थानीय भाषा का प्रयोग
5. दार्शनिकों द्वारा वैदिक भावना की सुदृढ़ता

**नीचे दिए कूट से सही उत्तर चुनिए-**

(a) 1, 2 और 3 (b) 2, 3 और 4

(c) 1, 2, 3 और 4 (d) 2, 3, 4 और 5

उत्तर - (c)

**99. बौद्ध शिक्षा का केन्द्र है-**

(a) विक्रमशिला (b) वाराणसी

(c) गिरनार (d) उज्जैन

उत्तर - (a)

**100. भारतीय कला में बुद्ध के जीवन की किस घटना का चित्रण 'मृग सहित चक्र' द्वारा हुआ है?**

(a) महाभिनिष्क्रमणं (b) संबोधि

(c) प्रथम उपदेश (d) निर्वाण

उत्तर - (c)

**101. गौतम बुद्ध का जन्म कब हुआ था?**

(a) 563 ई.पू. (b) 558 ई.पू.

(c) 561 ई.पू. (d) 544 ई.पू.

उत्तर - (a)

**102. 'समरादित्य कथा' का सम्बन्ध किस सम्प्रदाय से है?**

(a) ब्राह्मण (b) जैन

(c) आजीवक (d) बौद्ध

उत्तर - (b)

Free PDF - www.prepebooks.com/

**103. व्यापारी वर्ग जैन धर्म की ओर सर्वाधिक आकर्षित हुए क्योंकि ?**

(a) वे अपनी आर्थिक गतिविधियों का निर्विघ्न रूप से अनुसरण करते हुए धर्मपालन भी कर सकते थे।

(b) वैदिक कर्मकाण्ड और यज्ञ व्यापार एवं वाणिज्य में बाधक थे।

(c) जैन धर्म के शान्ति और अहिंसा के सिद्धान्त व्यापार और वाणिज्य के विकास में सहायक थे।

(d) जैन धर्म के कर्म के सिद्धान्त का वणिकों और व्यापारियों पर अत्यधिक अनुकूल प्रभाव पड़ा।

उत्तर - (c)

**104. महावीर का मूल नाम था-**

(a) सिद्धार्थ (b) गौतम

(c) वर्धमान (d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर - (c)

**105. 'समाधि मरण' किस दर्शन से संबंधित है?**

(a) बौद्ध दर्शन (b) जैन दर्शन

(c) योग दर्शन (d) लोकायत दर्शन

उत्तर - (b)

Free PDF - www.prepebooks.com/

**106. 'परिशिष्ट पर्व', जो कि जैन धर्म से संबंधित रचना है, के रचयिता है?**

(a) भद्रबाहु (b) स्थूलभद्र

(c) हेमचंद्र (d) स्वयंभू

उत्तर - (c)

**107. जैन परंपरा के अनुसार महावीर कौनसे तीर्थंकर थे?**

(a) पहले (b) दसवें

(c) अठारहवें (d) चौबीसवें

उत्तर - (d)

**108. निम्नलिखित में से कौनसा धर्म विश्व विनाशकारी प्रलय की अवधारणा में विश्वास नहीं करता?**

(a) बौद्ध धर्म (b) जैन धर्म

(c) हिन्दू धर्म (d) इस्लाम

उत्तर - (b)

Free PDF - www.prepebooks.com/

**109. जैन धर्म में पूर्ण ज्ञान' के लिए क्या शब्द है?**

(a) जिन (b) रत्न

(c) कैवल्य (d) निर्वाण

उत्तर - (c)

**110. पार्श्वनाथ की शिक्षाएँ संग्रहीत रूप से जानी जाती है?**

(a) पंचशील नाम से (b) पंच महाव्रत नाम से

(c) त्रिरत्न नाम से (d) चातुर्याम नाम से

उत्तर - (d)

**111. महावीर की मृत्यु के बाद जैन संघ का अगला अध्यक्ष कौन हुआ?**

(a) गोशाल (b) मल्लिनाथ

(c) सुधर्मन (सुधर्मा) (d) कोई नहीं

उत्तर - (c)

**112. जैन परम्परा के अनुसार जैन धर्म में कुल कितने तीर्थंकर हुए?**

(a) 20 (b) 22

(c) 24 (d) 28

उत्तर - (c)

**113. अनेकांतवाद निम्नलिखित में से किसका क्रोड सिद्धांत एवं दर्शन है?**

(a) बौद्ध मत (b) जैन मत

(c) सिख मत (d) वैष्णव मत

उत्तर - (b)

Free PDF - www.prepebooks.com/

**114. किस जैन रचना में सोलह महाजनपदों का उल्लेख मिलता है?**

(a) भगवती सुत्र (b) पिटक

(c) आचरांग सूत्र (d) कोई नहीं

उत्तर - (a)

**115. जैन तीर्थंकर पार्श्वनाथ द्वारा प्रतिपादित चार महाव्रतों में महावीर स्वामी ने पाँचवें महाव्रत के रूप में क्या जोड़ा?**

(a) अहिंसा (b) अस्तेय

(c) अपरिग्रह (d) ब्रह्मचर्य

उत्तर - (d)

**116. जैन साहित्य कृति परिशिष्ट पर्व किस कृति का परिशिष्ट है?**

(a) मूल सूत्र

(b) त्रिशष्टिशलाका पुरुष चरित

(c) उपनीति - भाव-प्रपंच कथा

(d) चिंतामणि

उत्तर - (b)

Free PDF - www.prepebooks.com/

117. **दिलवाड़ा के जैन मंदिरों का निर्माण किसने करवाया था ?**

(a) चोलों ने

(b) चंदेलों ने

(c) चालुक्यों/सोलंकियों ने

(d) राष्ट्रकूटों ने

उत्तर - (c)

**118. प्राचीन जैन धर्म के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौनसा एक सही है?**

(a) स्थूलबाहु के नेतृत्व में दक्षिण भारत में जैन धर्म का प्रचार हुआ।

(b) ‹पाटलिपुत्र› में हुई परिषद के पश्चात् जो जैन धर्म के लोग भद्रबाहु के नेतृत्व में रहे, ये श्वेतांबर कहलाए।

(c) प्रथम शतक ई. पू. में जैन धर्म को कलिंग के राजा खारवेल का समर्थन मिला।

(d) बौद्धों के विपरीत जैन धर्म की प्रारंभिक अवस्था में है; जैन धर्म के लोग चित्रों का पूजन करते थे ।

उत्तर - (c)

**119. जैन धर्म का आधारभूत बिंदु है-**

(a) कर्म (b) निष्ठा
(c) अहिंसा (d) विराग

उत्तर - (c)

**120. दक्षिण भारत में प्रसिद्ध जैन केन्द्र स्थित है-**

(a) रामेश्वरम् (b) कांची
(c) मदुरई (d) श्रवणबेलगोला

उत्तर - (d)

**121. जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर कौन थे?**

(a) पार्श्वनाथ (b) ऋषभदेव
(c) महावीर (d) चेतक

उत्तर - (b)

Free PDF - www.prepebooks.com/

**122. निम्नलिखित शासकों में से किसने जैन धर्म को संरक्षण दिया था ?**

(1) राष्ट्रकूट शासक अमोघवर्ष
(2) चालुक्य शासक कुमारपाल
(3) मगध के शासक बिम्बिसार
(4) कलिंग नरेश खारवेल

**कूट :-**

(a) 1 और 2 (b) 2 और 4
(c) 1, 3 और 4 (d) 1, 2, 3 और 4

उत्तर - (d)

**123. किस जैन सभा में अंतिम रूप से श्वेतांबर आगम का संपादन हुआ?**

(a) वैशाली में (b) वल्लभी में
(c) पावापुरी में (d) पाटलिपुत्र में

उत्तर - (d)

**124. महात्मा बुद्ध का 'महापरिनिर्वाण' कहाँ हुआ था?**

(a) लुंबिनी में (b) बोधगया में
(c) कुशीनगर में (d) कपिलवस्तु में

उत्तर - (c)

**125. भगवान बुद्ध की प्रतिमा कभी-कभी एक हस्तमुदायुक्त दिखाई गई 'है, जिसे 'भूमिस्पर्श मुद्रा' कहा जाता है। यह किसका प्रतीक है?**

(a) मार पर दृष्टि रखने एवं अपने ध्यान में विघ्न डालने से मार को रोकने के लिए बुद्ध का धरती का आह्वान

(b) मार के प्रलोभनों के बावजूद अपनी शुचिता और शुद्धता का साक्षी होने के लिए बुद्ध का धरती का आह्वान

(c) बुद्ध का अपने अनुयायियों को स्मरण कराना कि वे सभी धरती से उत्पन्न होते हैं और अंततः धरती में विलीन हो जाते हैं, अतः जीवन संक्रमणशील है

(d) इस संदर्भ में दोनों ही कथन (a) व (b) सही है

उत्तर - (b)

**Free PDF - www.prepebooks.com/**

**126. निम्नलिखित में से कौनसा स्थल पार्श्वनाथ से संबद्ध होने के कारण जैन सिद्ध क्षेत्र माना जाता है?**

(a) चंपा (b) पावा
(c) सम्मेद शिखर (d) ऊर्जयंत

उत्तर - (c)

**127. भगवान महावीर का प्रथम शिष्य था?**

(a) जमालि (b) योसुद
(c) विपिन (d) प्रभाष

उत्तर - (a)

**128. ऋग्वेद में किन दो जैन तीर्थंकरों का उल्लेख मिलता है?**

(a) ऋषभदेव और अरिष्टनेमि
(b) पार्श्वनाथ और निर्ग्रथनाथेपुत्त
(c) अश्वजित और संजय वेलट्ठिपुत्त
(d) कोई नहीं

उत्तर – (a)

**129. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए-**

| सूची-I (महावीर के नाम ) | सूची - II (अर्थ) |
|---|---|
| (a) केवलिन | (i) पूर्ण ज्ञानी |
| (b) जिन | (ii) इन्द्रियों को जीतने वाला |
| (c) महावीर | (iii) अपरिमित पराक्रमी |
| (d) निग्रंथ | (iv) बंधन रहित |

**सही उत्तर क्रमांक है- A B C D**

(a) i ii iii iv (b) ii iiii iv

(c) i ii iv iii (d) iv iii ii i

उतर - (a)

**130. महावीर जैन की मृत्यु निम्नलिखित में से किस नगर में हुई?**

(a) राजगृह (b) सांची

(c) पावापुरी (d) समस्तीपुर

उतर - (c)

**131. जैन धर्म के संस्थापक है-**

(a) आर्य सुधर्मा (b) महावीर स्वामी

(c) पार्श्वनाथ (d) ऋषभदेव

उतर - (d)

**132. तीर्थकर शब्द संबंधित है?**

(a) बौद्ध (b) ईसाई

(c) हिंदू (d) जैन

उतर - (d)

**133. 'जियो और जीने दो' किसने कहा?**

(a) महावीर स्वामी (b) गौतम बुद्ध

(c) महात्मा गाँधी (d) कोई नहीं

उतर - (a)

**134. जैनियों का विश्वास है कि जैन मत चौबीस तीर्थकरों की शिक्षाओं का परिणाम है। इस कथन के आलोक में, निम्नलिखित में से कौनसा एक, वर्धमान महावीर के विषय में सही हैं?**

(a) वे पहले तीर्थकर और जैन मत के संस्थापक थे।

(b) वे तेइसवें तीर्थकर थे, जबकि पहले बाइस तीर्थकर पौराणिक माने गये।

(c) वे अंतिम और चौबीसवें तीर्थंकर थे जिसे इस नये धर्म का संस्थापक नहीं माना गया बल्कि वर्तमान धार्मिक संप्रदाय का सुधारक माना गया।

(d) वे चौवीस तीर्थकरों में से एक नहीं थे।

उतर - (c)

**135. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट का उपयोग कर सही उत्तर का चयन चुनिए-**

| सूची-I (तीर्थकर) | सूची -II (जन्म स्थान) |
|---|---|
| A. ऋषभदेव | 1. अयोध्या |
| B. सम्भवनाथ | 2. श्रावस्ती |
| C. पद्मनाभ | 3. कौशाम्बी |
| D. पार्श्वनाथ | 4. काशी |

कूट- A B C D

(a) 1 2 3 4 (b) 2 3 4 1

(c) 4 3 2 1 (d) 1 4 3 2

उतर - (a)

**136. जैन ग्रंथ 'कल्पसूत्र' के रचयिता है-**

(a) भद्रबाहु (b) स्थूलभद्र

(c) हेमचंद्र (d) कोई नहीं

उतर - (a)

**137. प्रारम्भिक जैन साहित्य निम्नलिखित में से किस भाषा में लिखे गए?**

(a) अर्ध-मागधी (b) पालि

(c) प्राकृत (d) संस्कृत

उतर - (a)

**138. स्यादवाद सिद्धांत है-**

(a) लोकायत धर्म का (b) शैव धर्म का

(c) जैन धर्म का (d) वैष्णव धर्म का

उतर - (c)

**139. महावीर की माता कौन थी?**

(a) यशोदा (b) अनोजा

(c) त्रिशला (d) देवानंदी

उतर - (c)

**140. महावीर एवं बुद्ध दोनों ने किसके शासनकाल में उपदेश दिया?**

(a) अजातशत्रु (b) बिम्बिसार

(c) नन्दिवर्धन (d) कोई नहीं

उतर - (b)

Free PDF - www.prepebooks.com/

**141. जैन शिल्पकला के उदाहरण है-**

1. ओड़िशा की बाघ गुफा, खण्डगिरि, हाथीगुम्फा मंदिर

2. आबू ( राजस्थान) का दिलवाड़ा मंदिर

3. रणकपुर (जोधपुर के निकट) का चौमुखा मंदिर

4. श्रवणबेलगोला (कर्नाटक) की गोमतेश्वर या

बाहुबली की प्रतिमा

(a) 1, 2, 3 एवं 4 (b) 1, 2 एवं 3

(c) केवल 1 एवं 2 (d) केवल 2 एवं 3

उतर - (a)

**142. जैन 'तीर्थकर ' पार्श्वनाथ निम्नलिखित स्थानों में से मुख्यतः किससे संबंधित थे-**

(a) वाराणसी (b) कौशाम्बी

(c) चम्पा (d) कोई नहीं

उतर - (a)

**143. राजाधिराज रामगुप्त ने निम्नलिखित में से किन तीर्थकरों की प्रतिमाएं बनवाई थी ?**

(1) महावीर (2) पार्श्वनाथ

(3) चन्द्रप्रभा (4) पुष्पदंत

**कूट :-**

(a) 1 और 2 (b) 3 और 4

(c) 2, 3 और 4 (d) 1, 2, 3 और 4

उतर - (b)

Free PDF - www.prepebooks.com/

**144. अशोक के पौत्र सम्प्रति ने जैन साधुओं के लिए गुफाओं का निर्माण कहाँ करवाया था ?**

(a) राजगिरि पर्वत (b) कुमारी पर्वत

(c) उदयगिरि पर्वत (d) खण्डगिरि पर्वत

उतर - (a)

**145. त्रिरत्न सिद्धांत सम्यक धारण, सम्यक चरित्र एवं सम्यक ज्ञान जिस धर्म की महिमा है, वह है-**

(a) बौद्ध धर्म (b) ईसाई धर्म

(c) जैन धर्म (d) उक्त में से कोई नहीं

उतर - (c)

**146. जैन तीर्थंकरों के क्रम में अंतिम कौन था?**

(a) पार्श्वनाथ (b) ऋषभदेव

(c) महावीर (d) मणिसुव्रत

उतर - (c)

**147. निम्न कथनों पर विचार कीजिए-**

1. वर्धमान महावीर की माता, लिच्छवी के मुख्य चेटक की पुत्री थी ।

2. गौतम बुद्ध की माता कोलिय राजवंश की राजकुमारी थी ।

3. 23 वें तीर्थंकर पार्श्वनाथ बनारस से थे ।

**इन कथनों में कौनसा/से सही है/हैं?**

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 2 तथा 3 (d) 1, 2 तथा 3

उतर - (c)

**148. श्रवणबेलगोला में गौमतेश्वर की विशाल प्रतिमा किसने स्थापित करवाई थी ?**

(a) चामुंडराय ने (b) कृष्ण प्रथम ने

(c) कुमारपाल ने (d) तेजपाल ने

उतर - (a)

**149. जैन संप्रदाय में प्रथम विभाजन के समय श्वेतांबर संप्रदाय के संस्थापक थे-**

(a) स्थूलभद्र (b) भद्रबाहु

(c) कालकाचार्य (d) देवर्षि क्षमा श्रवण

उतर - (a)

**150. प्रभासगिरि जिनका तीर्थ स्थल है, वे हैं-**

(a) बौद्ध (b) जैन

(c) शैव (d) वैष्णव

उतर - (b)

Free PDF - www.prepebooks.com/

**151. महावीर स्वामी का जन्म कहाँ हुआ था ?**

(a) कुंडग्राम में (b) पाटलिपुत्र में

(c) मगध में (d) लोकायत शाखा ने

उतर - (c)

**152. निम्नलिखित में से कौनसा/से कथन जैन सिद्धांत के अनुरूप है/हैं?**

1. कर्म को विनष्ट करने का सुनिश्चित मार्ग तपश्चर्या है।

2. प्रत्येक वस्तु में, चाहे वह सूक्ष्मतम कण हो, आत्मा होती है।

3. कर्म आत्मा का विनाशक है और अवश्य इसका अंत करना चाहिए।

**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए-**

(a) केवल 1 (b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 2 (d) 1, 2 और 3

उत्तर - (d)

**153. यापनीय किसका एक संप्रदाय था ?**

(a) बौद्ध धर्म का (b) जैन धर्म का

(c) शैव धर्म का (d) वैष्णव धर्म का

उत्तर - (b)

Free PDF - www.prepebooks.com/

**154. दिगम्बर व श्वेताम्बर सम्प्रदायों के मध्य मुख्य विवाद निम्न पर जोर देने के कारण था?**

(a) अनुशासन और कठोर जीवन

(b) अहिंसा

(c) पवित्र जीवन

(d) सत्य

उत्तर - (a)

**155. महान धार्मिक घटना महामस्तकाभिषेक निम्नलिखित में से किससे संबंधित है और किसके लिए की जाती है?**

(a) बाहुबली (b) बुद्ध

(c) महावीर (d) नटराज

उत्तर - (a)

**156. निम्नलिखित कथनों में से कौनसा कथन सत्य नहीं है?**

(a) श्वेताम्बर सम्प्रदाय जैन धर्म के 19 वें तीर्थंकर को एक महिला मानते हैं।

(b) दिगम्बर सम्प्रदाय में महावीर स्वामी को अविवाहित माना गया है।

(c) श्वेताम्बर सम्प्रदाय के मुनि सफेद वस्त्र धारण करते हैं।

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

उत्तर - (d)

**157. निम्नलिखित में से कौन सबसे पूर्वकालिक जैन ग्रन्थ कहलाता है?**

(a) बारह अंग (b) बारह उपांग

(c) चौदह पूर्व (d) चौदह उपपूर्व

उत्तर - (c)

**158. बराबर की गुफाओं का उपयोग किसने आश्रयगृह के रूप में किया?**

(a) आजीविकों ने (b) थारूओं ने

(c) जैनों ने (d) तांत्रिकों ने

उत्तर - (a)

**159. वह प्राचीन स्थल जहाँ 60,000 मुनियों की सभा में संपूर्ण महाभारत कथा का वाचन किया था, है-**

(a) अहिच्छत्र (b) हस्तिनापुर

(c) काम्पिल्य (d) नैमिषारण्य

उत्तर - (d)

**160. सूची-I एवं सूची-II को सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए-**

| सूची-I | सूची -II |
|---|---|
| A. जैन धर्म | 1. मदीना |
| B. हिन्दू धर्म | 2. वेटिकन |
| C. इस्लाम धर्म | 3. पावापुरी |
| D. ईसाई धर्म | 4. वाराणसी |

**कूट :- A B C D**

(a) 3 1 4 2 (b) 1 2 4 3

(c) 3 4 1 2 (d) 2 3 1 4

उत्तर - (c)

**161. 'आजीवक' संप्रदाय के संस्थापक थे-**

(a) आनंद (b) राहुलभद्र

(c) मक्खलिगोसाल (d) उपालि

उत्तर - (c)

**162. नयनार कौन थे?**

(a) वे जो विष्णु की भक्ति में डूबे हुए थे

(b) वे जो बुद्ध के भक्त थे

(c) वे अग्रणी जो शिव के भक्त थे

(d) वे अग्रणी जो बसवेश्वर के भक्त थे

उत्तर - (c)

**163. निम्नलिखित में से कौनसा एक कथन सही नहीं है?**

(a) श्रवणबेलगोला स्थित गौमतेश्वर की प्रतिमा जैनियों के अंतिम तीर्थंकर को दर्शाती है।

(b) भारत का सबसे बड़ा बौद्ध मठ अरुणाचल प्रदेश में है ।

(c) खजुराहो के मंदिर चंदेल राजाओं द्वारा बनवाए गए।

(d) होयसलेश्वर मंदिर शिव को समर्पित है।

उत्तर - (a)

**164. विष्णु के किस अवतार को सागर से पृथ्वी का उद्धार करते हुए अंकित किया जाता है?**

(a) कच्छप (b) मत्स्य

(c) वाराह (d) नृसिंह

उत्तर - (c)

**165. हेलियोडोरस का बेसनगर अभिलेख संबंधित है-**

(a) संकर्षण तथा वासुदेव से

(b) संकर्षण तथा प्रद्युम्न से

(c) संकर्षण, प्रद्युम्न तथा वासुदेव से

(d) केवल वासुदेव से

उत्तर - (d)

**166. भारत में आस्तिक और नास्तिक संप्रदायों में कौनसा विभेदक लक्षण है?**

(a) ईश्वरी सत्ता में आस्था

(b) पुनर्जन्म के सिद्धांत में आस्था

(c) वेदों की प्रामाणिकता में आस्था

(d) स्वर्ग तथा नरक की सत्ता में विश्वास

उत्तर - (c)

**167. भागवत संप्रदाय में भक्ति के रूपों की संख्या है-**

(a) 7 (b) 8

(c) 9 (d) 10

उत्तर - (c)

**168. वासुदेव कृष्ण की पूजा सर्वप्रथम किसने प्रारंभ की-**

(a) भागवतों ने (b) वैदिक आर्यों ने

(c) तमिलों ने (d) आभीरों ने

उत्तर - (a)

**169. निम्नलिखित में कौनसा प्राचीन भारत में शैव संप्रदाय था ?**

(a) आजीवक

(b) मत्तमयूर

(c) मयमत

(d) ईशानशिवगुरुदेवपद्धति

उत्तर - (b)

Free PDF - www.prepebooks.com/

**170. संप्रदाय, जो नियति की अटलता में विश्वास करता है-**

(a) जैन (b) आजीवक

(c) चार्वाक (d) बौद्ध

उत्तर - (b)

Free PDF - www.prepebooks.com/

**171. निम्नांकित में से कौन 'प्रस्थानत्रयी' में सम्मिलित नहीं है?**

(a) भागवत (b) भगवद्गीता

(c) ब्रह्मसूत्र (d) उपनिषद

उत्तर - (a)

**172. निम्नलिखित में से किसने प्रतिपादित किया कि भाग्य ही सब कुछ निर्धारित करता है, मनुष्य असमर्थ होता है ?**

(a) जैनियों ने (b) बौद्धों ने

(c) आजीविकों ने (d) मीमांसकों ने

उत्तर - (c)

**173. कथन (a) : जैन धर्म के अहिंसा पर बल ने कृषकों को जैन धर्म अपनाने से रोका।**

**कारण (R) : कृषि में कीटों एवं कीड़ों की हत्या होना शामिल है।**

(a) A और R दोनों सही है, R, A की सही व्याख्या करता है

(b) A और R दोनों सही है, R, A की सही व्याख्या नहीं करता है

(c) A सही है किन्तु R गलत है

(d) A गलत है किन्तु R सही है

उत्तर - (a)

**174. जैन धर्म श्वेताम्बर एवं दिगम्बर संप्रदायों में कब विभाजित हुआ?**

(a) चन्द्रगुप्त मौर्य के समय में

(b) अशोक के समय में

(c) कनिष्क के समय में

(d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर - (a)

**175. अणुव्रत सिद्धांत का प्रतिपादन किया था-**

(a) महायान बौद्ध संप्रदाय ने
(b) हीनयान बौद्ध संप्रदाय ने
(c) जैन धर्म ने
(d) वैशाली में
उत्तर - (a)

**176. निम्नलिखित में से कौनसा आरंभिक जैन साहित्य का भाग नहीं है?**
(a) थेरीगाथा (b) आचारांगसूत्र
(c) सूत्रकृतांग (d) वृहत्कल्पसूत्र
उत्तर - (a)

**177. द्वितीय जैन महासभा का आयोजन कहाँ हुआ था?**
(a) पाटलिपुत्र (b) वल्लभी
(c) आबू (d) कोई नहीं
उत्तर - (b)

**178. जैन साहित्य का संकलन किस भाषा व लिपि में है?**
(a) संस्कृत व देवनागरी (b) प्राकृत व अर्धमागधी
(c) पालि व पूर्ण मागधी (d) कोई नहीं
उत्तर - (b)
Free PDF - www.prepebooks.com/

**179. जैन धर्म की पहले से ही मौजूद बुनियादी बातों में निम्न में से किसे महावीर द्वारा जोड़ा गया ?**
(a) अहिंसा ( किसी भी जीव की हत्या नहीं करना)
(b) अचौर्य (दूसरों की कोई संपत्ति न लेना)
(c) अपरिगृह (खुद की कोई सम्पत्ति न रखना)
(d) ब्रह्मचर्य (कौमार्यव्रत)
उत्तर - (d)

**180. महावीर का जन्म किस क्षत्रिय गोत्र में हुआ था ?**
(a) शाक्य (b) जांत्रिक
(c) सल्लास (d) लिच्छवी
उत्तर - (b)
Free PDF - www.prepebooks.com/

**181. प्रथम जैन महासभा का आयोजन कहाँ हुआ था?**
(a) पाटलिपुत्र (b) वल्लभी
(c) आबू (d) कोई नहीं
उत्तर - (a)

**182. जैन दर्शन के अनुसार सृष्टि की रचना एवं पालन-पोषण-**
(a) सार्वभौमिक विधान से हुआ है
(b) सार्वभौमिक सत्य से हुआ है
(c) सार्वभौमिक आस्था से हुआ है
(d) सार्वभौमिक आत्मा से हुआ है
उत्तर - (a)

**183. निम्नलिखित में से कौन एक जैन तीर्थंकर नहीं था-**
(a) चन्द्रप्रभु (b) नाथमुनि
(c) नेमिनाथ (d) संभवनाथ
उत्तर - (b)
Free PDF - www.prepebooks.com/

**184. निम्नलिखित में से किस देवता को कला में हल लिए प्रदर्शित किया गया है?**
(a) कृष्ण (b) बलराम
(c) कार्तिकेय (d) मैत्रेय
उत्तर - (b)
Free PDF - www.prepebooks.com/

**185. 'योगाचार' या 'विज्ञानवाद' के प्रतिपादक थे-**
(a) नागार्जुन (b) मैत्रेयनाथ
(c) अश्वघोष (d) कोई नहीं
उत्तर - (b)
Free PDF - www.prepebooks.com/

**186. निम्नलिखित में से कौन अलवार संत नहीं था?**
(a) पोयगई (b) तिरुज्ञान
(c) पूडम (d) तिरुमंगई
उत्तर - (b)
Free PDF - www.prepebooks.com/

**187. पांचरात्र मत का संबंध है-**
(a) भागवत सम्प्रदाय से (b) शाक्त सम्प्रदाय से
(c) चार्वाक दर्शन से (d) आजीवक दर्शन से
उत्तर - (a)

**188. नासिक में कुंभ मेला निम्न में से किस नदी के तट पर लगता है-**

(a) ताप्ती नदी (b) नर्मदा नदी
(c) कोयना नदी (d) गोदावरी नदी
उत्तर - (d)

**189. प्राचीन भारत के विश्वोत्पत्ति विषयक धारणाओं के अनुसार चार युगों के चक्र का क्रम इस प्रकार है-**
(a) द्वापर, कृत, त्रेता और कलियुग
(b) कृत, द्वापर, त्रेता और कलियुग
(c) कृत, त्रेता, द्वापर और कलि
(d) त्रेता, द्वापर, कलियुग और कृत
उत्तर - (c)

**190. पुरी में ' रथयात्रा' किसके सम्मान में निकाली जाती है?**
(a) भगवान राम के (b) भगवान विष्णु के
(c) भगवान जगन्नाथ के (d) भगवान शिव के
उत्तर - (c)

**191. निम्नलिखित में कौन मोक्ष के साधन के रूप में जन्म, कर्म तथा भक्ति को समान महत्व देता है?**
(a) अद्वैत वेदांत (b) विशिष्टाद्वैतवाद वेदांत
(c) भगवदगीता (d) मीमांसा
उत्तर - (c)

**192. 'बेसनगर अभिलेख' का हेलियोडोरस कहां का निवासी था ?**
(a) मण्डौर (b) तक्षशिला
(c) साकल (d) मथुरा
उत्तर - (b)
Free PDF - www.prepebooks.com/

**193. भागवत धर्म से संबंधित प्राचीनतम अभिलेखीय साक्ष्य है-**
(a) समुद्रगुप्त का इलाहाबाद अभिलेख
(b) हेलियोडोरस का बेसनगर अभिलेख
(c) स्कंदगुप्त का भितरी अभिलेख
(d) महरौली स्तंभ अभिलेख
उत्तर - (b)
Free PDF - www.prepebooks.com/

**194. भागवत धर्म के प्रवर्तक थे-**
(a) जनक (b) कृष्ण
(c) याज्ञवल्क्य (d) सूरदास
उत्तर - (b)
Free PDF - www.prepebooks.com/

**195. अर्धनारीश्वर मूर्ति में आधा शिव तथा आधा पार्वती प्रतीक है-**
(a) पुरुष और नारी का योग
(b) देव और देवी का योग
(c) देव और उसकी शक्ति का योग
(d) उपरोक्त किसी का नहीं
उत्तर - (c)

**196. प्राचीन भारत के बौद्ध मठों में, परवन नामक समारोह आयोजित किया जाता था, जो-**
(a) संघपरिनायक और धर्म तथा विनय विषयों पर एक-एक वक्ता को चुनने का अवसर होता था।
(b) वर्षा ऋतु के दौरान मठों में प्रवास के समय भिक्षुओं द्वारा किए गए अपराधों की स्वीकारोक्ति का अवसर होता था।
(c) किसी नए व्यक्ति को बौद्ध संघ में प्रवेश देने का समारोह होता था, जिसमें उसका सिर मुंडवा दिया जाता था और पीले वस्त्र दिए जाते थे।
(d) आषाढ़ की पूर्णिमा के अगले दिन बौद्ध भिक्षुओं के एकत्र होने का अवसर होता था जब वे वर्षा ऋतु के आगामी चार महीनों के लिए निश्चित आवास चुनते थे।
उत्तर - (b)
Free PDF - www.prepebooks.com/

**197. निम्न में से किस ग्रन्थ में सर्वप्रथम देवकी के पुत्र कृष्ण का वर्णन किया गया?**
(a) महाभारत (b) छांदोग्य उपनिषद
(c) अष्टाध्यायी (d) भागवतपुराण
उत्तर - (b)
Free PDF - www.prepebooks.com/